## खबर संक्षेप

### वीतराग भवन में हुई जैनत्व संस्कार शिविर की परीक्षा

**छिंदवाड़ा।** अहिंसा स्थली गोल गंज के वीतराग भवन एवं स्वाध्याय भवन में सकल जैन समाज के बाल - युवा एवं प्रौढ़ वर्ग के लिए चल रहे जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर के सातवें दिवस 5 वर्ग के 250 विद्यार्थियों ने परीक्षा देकर जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांतों को अपनी सरल भाषा में लेखांकित किया।जिनशासन सेवक ने बताया कि सात दिवसीय जैनत्व संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा किया गया है। जिसमें लेवल 1 अरिहंत कक्षा - पंडित ध्रुव शास्त्री भोपाल द्वारा, लेवल 2 सिद्ध कक्षा - पंडित अशोक शास्त्री उज्जैन, विदुषी स्वीटी शास्त्री राघौगढ़ एवं पंडित आयुष शास्त्री दिल्ली द्वारा, लेवल 3 आचार्य कक्षा पंडित अनमोल शास्त्री, पंडित अचल शास्त्री द्वारा, लेवल 4 उपाध्याय कक्षा पंडित अशोक शास्त्री राघौगढ़ द्वारा, लेवल 5 साधु कक्षा पंडित अमन शास्त्री आरोन द्वारा चलाई गई। विशेष कक्षा के रूप जैन इतिहास - एक परिभ्रमण पंडित आयुष शास्त्री उदयपुर द्वारा लगाई गई।सभी वर्ग के जूनियर विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा एवं सीनियर वर्ग की लिखित परीक्षा ली गई जिसमें 250 शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया।

### जन अभियान परिषद ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**छिंदवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा शहर में मध्य स्थित परमानंद पुनर्वास केंद्र छिंदवाड़ा में बृहद स्तर पर फलदार, छायादार,पौधे कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह के निर्देशन लगाए गए । उक्त पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम,एवम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पौधारोपण जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में उपस्थिति में जन अभियान परिषद के परामर्श दाता एवम पर्यावरण विद विनोद तिवारी मौजूद रहे।

### आज दिन भर चिलचिलाती रही धूप, गत दिवस हुई थी झमाझम बारिश, आगामी दिनों में बन रहे बारिश के आसार

# उमस से सहमे लोग, छह दिन बाद आएगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

बीते दिनों शहर में हुई झमाझम बारिश से जहां लोगों को राहत मिली थी। वहीं शुक्रवार को दिन भर चिलचिलाती धूप और उमस के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग उमस से सहमे दिखाई दिए। वहीं इस तरह से मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण अस्पतालों में भी मरीजों की लंबी कतार लग रही है। अस्पताल में मरीज भर्ती भी हो रहे है।

गत दिवस दिन भर लोग उमस से परेशान हो रहे। शाम को अचानक 4.30 बजे अचानक झमाझम बारिश ने पूरे शहर को तरबतर कर दिया। इस दौरान सड़के सुनी हो गई थी। लोगों को जहां छुपने की जगह मिली वहां छुपकर बारिश में अपने आप को बचाया। इस दौरान तकरीब 2.2 मिली बारिश दर्ज की गई। जिसके बाद लोगों को उमस से राहत महसूस हुई। इस



दौरान अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री मेल्सियस रहा।

हालाकि बारिश के बाद मौसम साफ हो गया था। लोग जूस की दुकानों को गला तर करते नजर आए। दरअसल इस साल मई का पूरा महीना जिसमें नौ-पत्ता भी शामिल है, बारिश के कारण तप नहीं पाया। पूरा महीना बारिश में बीत गया। नौ-तपा में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस तक ही पहुंच पाया। जबकि पिछले साल तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। मौसम विशेषत संतकुमार शर्मा ने बताया कि कम दवाब और अधिक दबाव के कारण तूफान उठने से बारिश के हालात बन रहे है। मौसम विशेषज्ञ संतकुमार शर्मा वर्तमान में पश्चिम बंगाल एवं उससे लगे बांगलादेश पर अवदाब का क्षेत्र और पश्चिमी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के ऊपर हवा के ऊपरी हिस्से में चक्रवात बने हुए हैं। एक प्रेणिका दक्षिण-पूर्वी राजस्थान से होकर पश्चिम बंगाल तक फैली हुई है।बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब के क्षेत्र और अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियों के कारण मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 12 जून तक मानसून आने की संभावना पूरी तरह बन रही है।

### इन क्षेत्रों में बारिश से नुकसान

कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक जिले में जिन स्थानों पर मूग की कटाई नहीं हो पाई है, उन स्थानों पर बारिश से नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह दलहन की फसल को नुकसान होगा। बारिश के चलते कटाई नहीं हो पा रही है। इसमें वाद चौरई क्षेत्र शामिल है। यहां एक दिन में 2 इंच तक बारिश हो चुकी है।

### जिला अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

इधर मौसम ठंडा गरम होने से उल्टी दस्त के मरीजों में इजाफा हो रहा है। अस्पताल में रोजाना दो सौ से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे रही है। डाक्टरों का कहना है कि ऐसे समय में बाहर के फास्टफूड और है। वहीं निजी विलीनिकों और अस्पतालों में भी मरीजों की कतारे देखी जा होटल ढाबों से बचें। इससे फूड पाइजनिंग होने की संभावना बनी रहती है। उल्टी दस्त की स्थिति में नजदीकी अस्पताल में जाकर जांब करवाएं। डाक्टरों की सलाह की दवा का सेवन करें।

### गांव मेरे मंदिर, ग्रामीण मेरे देवता : सांसद साहू

**छिंदवाड़ा।** ज्येष्ठ माह में सूर्यदेवता का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। इस तपती दोपहर में तेज धूप के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प को पूरा करने और लोगों तक सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू लगातार पदयात्रा कर रहे है। पदयात्रा की इसी कड़ी में सांसद श्री साहू ने शुक्रवार को अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के आठ गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर 22 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए जहां ग्रामीणों से संवाद किया वहीं लोगों को सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सांसद श्री साहू ने कहा कि गांव मेरे मंदिर है और यहां निवास करने वाले ग्रामीण मेरे देवता है। उन्होंने कहा कि हम सबके मिले जुले प्रयासों से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। सांसद श्री साहू अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में सिंगोड़ी मंडल के ग्राम पिंडरई डबीर, खामीहीरा, बगलामाल, नांदिया चौक, मानेगांव, बान्द्रा ढाना चौक, पिपरिया गुमानी एवं अकलमा में विकसित भारत संकल्प पदयात्रा,मेरा गांव मेरा सांसद एवं विकसित कृषि संकल्प पदयात्रा के कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान सांसद ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक भवन एवं सी.सी.रोड के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को 2 करोड़ 42 लाख 50 हजार के कार्यो की सौगात दी है। सांसद श्री साहू ने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री देश को विकसित बनाने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत कर रहे है। उनके इस पुनीत प्रयासों में हम सभी को पूरे मनोयोग के साथ सहयोग करना है।

## प्रभारी कलेक्टर ने किया “प्रोजेक्ट अनुगामी” और “सामुदायिक एएए” का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

म.प्र. जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग एवं अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से ₹प्रोजेक्ट अनुगामी₹ तथा ₹सामुदायिक एएए₹ पहल का औपचारिक शुभारंभ प्रभारी कलेक्टर श्री अग्रिम कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एन.के.शास्त्री, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला परियोजना अधिकारी सहित स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा 'रेफरल लूप' को प्रभावी रूप से बंद करना तभी संभव है जब स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर समन्वयित प्रयास करें। हमें उन दूरस्थ



क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहाँ सूचना का आदान-प्रदान सीमित है और वहाँ विशेष ध्यान देना होगा। तकनीकी सहायता के माध्यम से यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, ट्रैकिंग और देखभाल की प्रक्रिया में कोई कमी न रह जाए। समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर स्थायी परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

## किसानों को सही दामों और सही मात्रा में खाद, बीज और दवायें उपलब्ध हों

**छिंदवाड़ा।** जिले के किसानों को सही दामों और सही मात्रा में खाद, बीज और दवायें प्रदान करवाकर इनकी कालाबाजारी रोके जाने और नकली बिक्री पर नियंत्रण स्थापित करवाया जाना किसान हित में आवश्यक है । जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताय कि प्रायः देखा जा रहा है कि किसानों को अलग-अलग दामों में खाद बीज और दवायें बेची जा रही है, और उनकी मात्रा भी कम व अधिक होती है । ऐसी स्थिति में सही कीमतों और सही मात्रा में किसानों को खाद बीज प्राप्त होना चाहिये इसके लिये कृषि विभाग का अमला गठित किया जाये और इस पर निगरानी की जानी चाहिये । इसके अतिरिक्त किसानों को जो खाद चाहिये वह उपलब्ध करवाया जाना चाहिये और खाद के साथ अन्य सामग्री वितरण पर रोक लगायी जाये एवं खाद की कालाबाजारी रोकी जानी चाहिये और नकली बीज और दवायें विक्रय पर भी नियंत्रण स्थापित किया जाना चाहिये ।

## शिवाजी महाराज का किया दूध से अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने अपने आराध्य देव, मराठा साम्राज्य के संस्थापक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया। सुबह नौ बजे सभी सामाजिक बंधु, युवा और मातृशक्ति नागपुर रोड, शिवाजी चौक पहुंचे। यहां सर्वप्रथम ढोल नगाड़ों की धुन में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया।

इसके बाद सभी सामाजिक बंधुओं ने विवि विधान से पूजन अर्चन किया और शिवाजी की प्रतिमा पर माल्याणर्पण कर पुष्पवर्षा की। ढोल नगाडे के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज का जयघोष किया गया। समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि शिवाजी महाराज का राज्य अभिषेक दिवस हमारे लिए नई चेतना, नई ऊर्जा लेकर आता है। जिला क्षत्रिय मराठा समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि आज ही के दिन महाराज शिवाजी से छत्रपति बने थे। 6 जून 1674 को मराठा योद्धा शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में हुआ था। जहां से उन्होंने



हिंदवी-स्वराज की स्थापना की थी। उनके राज्याभिषेक दिवस को जिला क्षत्रिय मराठा समाज छिंदवाड़ा ने एक उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ विजय चौहान, पूर्व अध्यक्ष दीपक मोहिते, अध्यक्ष प्रवीण काटकर, सुनील निंबालकर, प्रवीण मराठा, पारस आखरे, आलोक चौधरी, राकेश मानमोड़े, लक्ष्मण घोरपड़े, मनोज ताठे, राहुल कदम, प्रशांत गायकवाड़, संजय दलदले, समाज की नगर महिला अध्यक्ष श्वेता ताठे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, युवा और मात्र शक्ति उपथित रहे।



## तामिया विकासखंड के चांवलपानी पंचायत में किसान संगोष्ठी का किया गया आयोजन

# किसानों को फसल प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीके बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, पशुपालन विभाग और आजीविका मिशन की टीम ने संयुक्त रूप से तामिया विकासखंड के चांवलपानी पंचायत में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. अलावा ने किसानों को आय और उत्पादन बढ़ाने के लिए पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। विकसित कृषि संकल्प यात्रा के माध्यम से उन्नत कृषि तकनीक, ग्रीष्मकालीन फसलों की समसामयिक सलाह, नरवाई प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, खरीफ बागवानी फसलों की तैयारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरकों का प्रयोग, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के बारे में, सुपर सीडर, प्राकृतिक कृषि एवं भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि एवं संबंधित विभागीय योजनाओं के बारे में किसानों को संगोष्ठी के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी गई।सोयाबीन, उड़द, मक्का, धान जैसी खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी गई एवं फसलों का बीमा कराने की सलाह दी गई। पशुपालन के क्षेत्र में उन्नत नस्लों और उत्पादन बढ़ाने के नए उपायों की जानकारी दी गई। पशुओं में होने वाले रोगों, उनके लक्षण और समाधान के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विकसित कृषि संकल्प टीम में कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अलावा, उद्यानिकी विभाग के डॉ. लखन ब्रम्हवंशी, कृषि विभाग तामिया से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री योगेश उईके, कृषि विकास अधिकारी श्री बी.एल. धुर्वे, बीमा संबंधी विभाग से अजय विश्वकर्मा, पशु चिकित्सा विभाग से श्री साहू, ग्राम पंचायत चांवलपानी उपसरपंच श्री बंटी गुप्ता, रोजगार सहायक श्री गोपाल पटेल, सोसायटी प्रबंधक श्री विनोद कुमार शर्मा,श्री राजकुमार चौकसे, श्री सुखपाल उईके, श्री जगदीश राय, कृषि आदान विक्रेता श्री विनोद नागवंशी, अंकित नागवंशी, आजीविका मिशन एवं स्वा- सहायता समूह की महिलाएं, क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित थे।

# पुलिस थाना परिसर में शांति समिति बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

ईदुलअजहा बकरा ईद पर्व को शांतिपूर्ण हर्षोल्लास से मनाने हेतु पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें तहसीलदार राजेंद्र टेकाम ,थाना प्रभारी राकेश बघेल ने त्योहार को लेकर शासन की गाइडलाइन का उल्लेख करते हुए बताया कि कुर्बानी खुले मैदान में ना की जाए।तथा कुर्बानी का वेस्टेज यहां वहां ना फेंके ।बल्कि नगर पालिका की गाड़ी में ही बेस्टेज को कचरा गाड़ी में डालने की हिदायत दी गई। शांति समिति की बैठक के दौरान नगर में होने वाली मस्जिदों में नमाज के समय की जानकारी प्राप्त की गई। जामा मस्जिद सदर सैयद गौहर जमाल ने बताया की ईदगाह में 8:30 पर नमाज अदा की जाएगी। मस्जिद गरीब नवाज के सदर जफफू भाई ने बताया कि गरीब नवाज मस्जिद में नमाज पढ़ने का समय 8:30 और 9:00 बजे रखा गया है। मस्जिद आयशा मदरसा मोहम्मदिया के सेक्रेटरी मोहम्मद ताहिर ने बताया कि आयशा मस्जिद में सुबह 6:30 बजे अहले हदीस मस्जिद में सुबह 7:30 ईद की नमाज अदा की जाएगी। आबिद भाई ने बताया की पानी गिरने की स्थिति में जामा मस्जिद में 8:00 बजे नमाज अदा की जाएगी। शांति समिति की बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू पार्षद संजय जैन पार्षद अरुणेश जायसवाल, हाजी मोहम्मद शहिद, आरबी कुरैशी अफरोज आलम निसार खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज नगरपालिका के सभाकक्ष में सिविल डिफेंस वालिंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। ज्ञात हो कि जिले की जनसंख्या के 0.5 प्रतिशत डिफेंस वालिंटियर बनाए जाने है। आज इस शिविर में 258 सिविल डिफेंस वालिंटियर नियुक्त कर उनका प्रशिक्षण शुरू किया गया। आगे भी प्रत्येक ग्रामपंचायत तथा नगरीय निकाय के वार्डो में वालिंटियर नियुक्त किए जाने है। होमगार्ड प्लाटून कमांडर दिंदवाडा एवं उनके दल ने यह प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलेक्टर अजय देव शर्मा, एसडीएम नेहा सोनी, एसडीओपी ब्रजेश भार्गव, तहसीलदार विनय ठाकुर, थाना प्रभारी अजय मरकाम तथा सिविल डिफेंस वालंटियर फायर सेफ्टी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आपदा प्रबंधन के प्रचार प्रसार करने और इस अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। प्रशिक्षण में वालिंटियरों को बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में जैसे भुकंप, बाढ, प्राकृतिक आपदा, युद्ध या आंतरिक अशांति से कैसे निपटा जाए। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार कैसे दिया जाए इसका प्रशिक्षण दिया गया। नागरिक सुरक्षा के अंतर्गत मुख्यालय सेवा, संचार सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा तथा आपूर्ति सेवा प्रमुख है। जैसे जैसे वालंटियरों की संख्या में वृद्धि होगी उनकी अलग अलग विंग बनाकर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# तिगांव के सटोरियों की पुलिस ने निकाली बारात, न्यायालय ने भेजा जेल



**पांढुर्ना।** आज पांढुर्ना पुलिस ने समीपस्थ ग्राम तिगांव में 7 लोगों को सट्टा पट्टी लिखते हुए धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मयुर पिता रमेश महाले, इकबाल शाह पिता नत्थु शाह, आजाद पृथ्वीराज सोनी, सुखदेव पिता राघव शेंडे, शेख आरिफ पिता शेख उस्मान, रूपेश पिता माणिकराव शेंडे तथा अनिल पिता भागवत निहारे को पुलिस सट्टे के आरोप में ग्राम तिगांव के बाजार क्षेत्र में पकडा। इसके बाद पुलिस आज पुलिस थाना परिसर से आरोपियां को पैदल चलाकर न्यायालय ले गई। न्यायालय में मामला पेश होने पर न्यायालय ने आरोपियों का जेल वारंट काट दिया।

## 7 डॉक्टर्स और 16 नर्से ड्यूटी के दौरान मिले गायब



**पांढुर्ना।** स्थानीय सिविल अस्पताल में आज एसडीएम नेहा सोनी सुबह 10.40 बजे कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर किए गए अचानक मुआयने में 7 डॉक्टर्स और 16 नर्सों को ड्यूटी पर गैरहाजिर पाया। एसडीएम ने अस्पताल का उपस्थिति रजिस्टर आगामी कारवाई के लिए जब्त कर लिया है। एसडीएम नेहा सोनी अपना जांच प्रतिवेदन कलेक्टर महोदय के सामने प्रस्तुत करेगी जिसके बाद उचित कारवाई की जाएगी। प्राथमिक स्तर पर सभी गैरहाजिर डॉक्टरों एवं नर्सों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान डॉ. राधा भकने, डॉ. आलिया, डॉ. कंचन लाड, डॉ. आदित्य कडवे, डॉ. घनशाम के अलावा 16 नर्से ड्यूटी से नदारद पायी गई।

# भाजपा रामपायली मंडल ने थाना परिसर रामपायली में किया वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशहरा महापर्व के साथ श्रीराम लला भव्य मंदिर निर्माण के पावन पवित्र उपलक्ष्य में भाजपा रामपायली मंडल कार्यकारिणी के तत्वावधान में रामपायली थाना परिसर में वृक्षारोपण समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। पृथ्वी पर बढ़ते तापमान, बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण करना आवश्यक है साथ ही उनका संरक्षण भी जरूरी हैं।

इसी तारतम्य में केंद्र सरकार के द्वारा अपनाई गई थीम एक पेड़ मां के नाम के तहत रामपायली थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहॉ उपस्थित सभी महानुभावों और मातृ शक्ति द्वारा दृढ़ निश्चय के साथ वृक्षारोपण किया गया। थाना परिसर में वृक्षों का रोपण संपूर्ण विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण के द्वारा किया गया। उसके बाद उपस्थित अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के विषय में अपनी बात रखी।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक किशोर अमूले, कार्यक्रम संयोजक जसवंत पटले, मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, रामपायली थाना प्रभारी पंकज दीवान, प्रबल जायसवाल, मेघा किशोर बिसेन, पुष्पा किशोर अमूले, वीणा शुक्ला, विनय सुराना, जानाजी गौतम, चैनसिंह बैस, मुन्नू दुबे, सुबोध रूसिया, भागीरथ अग्रवाल, सुरेश पटले, रूपेन्द्र सोनवाने,रविन्द्र हनवत, परमानंद येरपुडे, अभय लिल्हारे व अन्य गणमान्य नागरिक, समस्त थाना स्टाफ रामपायली मौजूद रहा।

## वर्मा मोहल्ला में महिलाओं ने किया पौधारोपण

**वारासिवनी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर व क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, कांग्रेस, भाजपा आदि के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ ही नागरिकों ने भी पौधों का महत्व समझते हुए अपने अपने घरों व मोहल्ले में पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने की ओर एक कदम बढ़ाया हैं। इसी कड़ी में वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 10-11 वर्मा मोहल्ला में महिलाओं व बच्चों ने पर्यावरा के महत्व को समझते हुए पौधारोपण का कार्य किया। जिसमें प्रमुख रुप से वर्षा सोनी, रजनी हेड़ाऊ, शशि हेड़ाऊ, माधुरी सहित बच्चों व अन्य महिलाओं ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई। इस मौके पर गृहिणी वर्षा सोनी ने कहा कि वृक्षों की लगातार कटाई के कारण वनों का क्षेत्रफल कम हो रहा हैं और नगरीय क्षेत्र में मकानों व विभिन्न पक्के निर्माण होने से वृक्षों की कमी होती जा रही हैं। जिससे पर्यावरण असंतुलित हो रहा हैं।

## 15 वर्षों से महानगरों से कनेक्टिविटी की राह देख रही जनता

# बालाघाट-कटंगी-तुमसर से होकर चलाई जाए रीवा पुणे एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

हाल ही में रेलवे बोर्ड ने रीवा पुणे एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन को हरी झंडी दी है. जिसके बाद इस ट्रेन के परिचालन को अलग बालाघाट जिले सहित पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के तुमसर की तरफ स्थानीय लोगों की एक मांग और सुझाव पुरजोर तरीके से सामने आ रहा है. बालाघाट जिले की कटंगी, तिरोड़ी, वारासिवनी तहसील क्षेत्र की जनता सहित तुमसर तहसील के लोग इस ट्रेन को बालाघाट-वारासिवनी, कटंगी-तिरोड़ी से होकर तुमसर-नागपुर होते हुए पुणे की तरफ चलाने की मांग कर रहे है. कटंगी, वारासिवनी तहसील क्षेत्र की जनता करीब 15 वर्षों से एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए महानगरों से अपनी कनेक्टिविटी की राह देख रही है. दरअसल, वर्ष 2022 में जब कटंगी-तिरोडी नवीन रेल लाइन और बालाघाट-कटंगी तुमसर रेल खंड में इलेक्ट्रिफ़िकेशन हुआ तब यह उम्मीद जागी थी कि अब शीघ्र ही एक्सप्रेस ट्रेन के माध्यम से छोटे शहरों को महानगरों से जुड़ने का मौका मिलेगा लेकिन तब से लेकर अब जनता को हताशा ही मिली है. वर्तमान सांसद श्रीमती भारती पारधी से यह अपेक्षा है कि अब रीवा, जबलपुर, नागपुर, पुणे जैसे महानगरों से सीधा रेल संपर्क सेवा मिल पाएगी।

मिली जानकारी अनुसार नई रीवा-पुणे ट्रेन (क्रमांक-20152) हर बुधवार रीवा से चलकर जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, हो कर गुरुवार सुबह 9.45 बजे पुणे पहुंचेगी. जबकि वापसी के दौरान ट्रेन (क्रमांक-20151) हर गुरुवार दोपहर 3.05 बजे पुणे से चलकर शुक्रवार शाम 5.30 बजे रीवा पहुंचेगी. ऐसे में इस ट्रेन को रीवा से बालाघाट, वारासिवनी कटंगी, तिरोड़ी, गोबरवाही, तुमसर मार्ग से चलाना यात्री सुविधा की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी होगा क्योंकि यह रेल मार्ग गोंदिया जंक्शन जैसे स्टेशन को बायपास करता है गोंदिया स्टेशन वैसे एक व्यस्तता वाला स्टेशन यार्ड है जहां चारों दिशा से ट्रैफिक का भरी दबाव रहता है और स्टेशन में परिचालनिक दिक्कत जैसे बालाघाट की दिशा से ट्रैनों के आउटर में घंटों खड़े रहने की समस्या भी काफी लंबे समय से बनी रहती हैं और गोंदिया स्टेशन से वर्तमान में आधा दर्जन ट्रेन पुणे की दिशा में है जिसमें की वर्तमान में 2 ट्रेने प्रतिदिन तो 3 साप्ताहिक ट्रेनें उपलब्ध है।

गौरतलब है कि बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, क्षेत्र खनिज, पर्यटन, और व्यापारिक दृष्टि से समृद्ध है, लेकिन लंबे समय से रेल्वे नेटवर्क की उपेक्षा का शिकार रहा है और रेल कनेक्टीविटी की लगातार मांग करता आया है. यहां की आबादी, छात्र, नौकरीपेशा वर्ग बड़ी संख्या में कामकाज, शिक्षा और चिकित्सा के लिए पुणे, नागपुर जैसे शहरों में जाते है, लेकिन सीधा रेल संपर्क न होने से उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. लोगों का कहना है कि नई ट्रेन को यदि इस मार्ग से जोड़ा जाता है तो जबलपुर, रीवा, नागपुर, पुणे जैसे महानगरों तक सीधी ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी और क्षेत्रीय लोगों को रोजगार, व्यवसाय, चिकित्सा और उच्च शिक्षा के लिए लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा, ट्रेन सुविधा से युवाओं को महानगरों में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे, वहीं स्थानीय व्यवसायों को भी लाभ होगा, इससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में भी सुधार आएगा, ऐसे में स्थानीय संगठनों ने रेल मंत्रालय और जनप्रतिनिधियों से इस पर




गंभीरतापूर्वक विचार करने और ट्रेन को तुमसर, बालाघाट होते हुए चलाने के लिए तत्काल कार्ययोजना बनाने की मांग की गई है। बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने इस नवीन प्रस्तावित ट्रेन रीवा पुणे रीवा को हफ्ते के कुछ दिन व्हाया नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, नागपुर हो कर चलाने की मांग रेलमंत्री से की है आपको बताना आवश्यक है कि पूर्व सांसद के कार्यकाल में वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, क्षेत्र की जनता को रेलवे के मुद्दों में निराशा के सिवाय कुछ हाथ नही लगा है उन्होंने कभी इस बालाघाट वारासिवनी कटंगी तिरोडी तुमसर रेल मार्ग से होकर किसी एक्सप्रेस ट्रेन को चलाने की मांग नहीं की ना ही कोई पत्र लिखा और ना ही इन क्षेत्रों के स्टेशनो का उन्नयन करवाया. यहां तक स्टेशन का निरीक्षण भी सही तरीके से नही किया। इसके इतर हफ्ते के 3 दिन व्हाया बालाघाट गोंदिया हो कर परिचालित होने वाली रीवा इतवारी ट्रेन को हफ्ते के 4 दिन अपने गृह क्षेत्र सिवनी हो कर चलवा लिया. नागपुर शहडोल ट्रेन को भी हफ्ते के सातों दिन व्हाया छिंदवाड़ा सिवनी नैनपुर हो कर चलवा लिए अपने कार्यकाल में उन्होंने वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी क्षेत्र के हिस्से ओर हक की ट्रेनें ओर विकास भी सिवनी का ही करवा लिया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी गई विभिन्न जानकारियॉ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व विधायक ओमकार सिंह बिसेन, ग्राम पंचायत कोचेवाही सरपंच श्रीमती सुनीता मंजय सोनेकर, जनपद सदस्य शंकरलाल इनवाते, प्रगतिशील कृषक नेकनारायण बिसेन, समिति अध्यक्ष चंद्रकुमार हरिनखेड़े, खिनेश हरिनखेड़े, कार्यक्रम प्रभारी आर के शेंडे, वैज्ञानिक डॉ उत्तम बिसेन, मतस्य पालन अधिकारी श्री मेश्राम, पशु चिकित्सा अधिकारी श्री घोडेस्वर, ग्राम पंचायत कृषि विस्तार अधिकारी दिलेश खंडेलकर, जी एन मेश्राम, अंजली ताराम, सोनम कटरे, प्रनिष डोंगरे, उद्यान विभाग से श्री श्याम, विनोद डोंगरे, पटवारी ललित बिसेन, ग्राम सेरपार से दुलीचंद कटरे, भूपेंद्र सुफलकर, कोचेवाही से उत्तम ठाकरे, मिनेश हरिनखेड़े, ग्राम डोरली से परमाननद नागफसे, बुदबुदा से श्री बनेवार, गिरधारी लाल कावरे, दीनाजी बोपचे, मौजीलाल भलावी, झडुलाल वरकड़े, पितमलाल राहंगडाले एवम्‌ सचिव उर्वी कावरे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भूतपूर्व विधायक ओमकार सिंह बिसेन के खेत में डीएसआर द्वारा बोनी का खेत पाठशाला के माध्यम से प्रैक्टिकल कर विकसित कृषि संकल्प अभियान में समस्त किसान बन्धुओं को डीएसआर द्वारा धान बोनी के बारे में जानकारी दी गई साथ ही ग्राम पंचायत कोचेवाही में कृषकों को विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों ने अपने विभाग की जानकारी से कृषकों को लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

डॉ उत्तम बिसेन ने व्याधि, खरपतवार, केत, कृषि यंत्र, बीज उत्पादन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। दिलेश खंडेलकर कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा मंच संचालक के माध्यम से कृषि विभाग की विभिन योजनाओं को कृषक बन्धुओं को अवगत कराने का प्रयास किया गया। साथ ही शानदार किसान वाणी के रूप में मनोरंजन लोक गीत, खेती किसानी के ऊपर प्रकाश डालकर कृषकों को संदेश देने का प्रयास किया गया।

# अलग अलग स्थान पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पृथ्वी को हरा और सुंदर बनाना है और प्लास्टिक मुक्त भारत बनाना है इस नारे के साथ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को भारत स्काउट एवं गाइड और यूनिसेफ के सयुक्त तत्वाधान में संचालित प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर इनेंद्र डहरवाल (डी.ओ.सी.) जिला - बालाघाट के आदेशानुसार लांजी मिनी स्टेडियम और पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन के परिसर मे वृक्षारोपण कर परिसर प्लास्टिक मुक्त बनाने का प्रयास किया एवं आज के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण किया इस कार्यक्रम मे दीपांकर भार्गव क्लैप लीडर और रोवर लीडर , संस्था की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम की शुरुआत की एवं पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए उन पौधों को सुरक्षित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था की संचालिका ने उदबोधन करते हुए कहा गया की शासन की मनसानुसार प्लास्टिक पॉलिथीन और उसका उपयोग कम करना चाहिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए वह पर्यावरण के लिए बहुत ही ज्यादा हानिकारक है और इसकी शुरुआत हम हमारे घर से करते हैं ऐसा संकल्प लेकर वृक्षारोपण अभियान को आगे बढ़ाया । प्राचार्य श्रीमती श्रद्धा कांड्रा के द्वारा बताया गया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण के साथ-साथ हमें नदी तालाबों की स्वच्छता पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे हमारी प्रकृति और हम सुरक्षित हवा में जीवन यापन कर सके ।

कार्यक्रम में उपस्थित रोशनी कुचलाहे,राजेश शुक्ला, संजय चौरे, महेंद्र ऐडे , योगेश नंदनवार, गणेश सोनवाने, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, क्लैप क्लब मेंबर विनोद मुरकुटे ,ऋतिक करलेकर ,नकुल कोठारे, खुशाल खानोरकर,पूजा राऊत, मनीषा बागड़े, समाज सेवी एवं भूतपूर्व सैनिक गणेश मोरघड़े जिनके द्वारा एक वृक्ष शहीदों के नाम अभियान एवं निशुल्क वृक्ष प्रदान किए जाते हैं ।

## खबर संक्षेप

### मठ मंदिर प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला जी के निर्देशानुसार एवं विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया के मार्गदर्शन में आज मठ मंदिर प्रांगण में पौधे लगाए गए। जिसमें पौधारोपण किया। जिसमें आंवला, बेलपत्र,आम,जामुन , गुलमोहर और बादाम के पौधे शामिल थे। पौध रोपण के बाद उनके संरक्षण के लिए सपथ ली गई , विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौध रोपण के साथ जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया गया इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष श ज्ञान चंद्र सनोडिया सीएमओ विशाल सिंह नगर पालिका के समस्त कर्मचारी गण जन अभियान परिषद से विकासखंड समन्वयक,परामर्शदाता श्रीमती कविता बेले, धीरेन्द्र चौरसिया, सी एम सी एल डी पी कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यनरत छात्र, छात्राएं व सामाजिक कार्यकताओं उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत लावासर्रा मे एक पेड़ मा के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत लावासर्रा जनपद पंचायत कुरई में दिनांक 05 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण स्थल पर एक पेड़ मा के नाम कार्यक्रम के तहत पोधा रोपण कार्य किया गया कार्यक्रम में क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती लीना ऐडे सरपंच सुभाष धुर्वे, रविकांत ऐडे, जगन्नाथ राहंगडाले,झामसिह पटेल, दिलीप धुर्वे, ग्राम पंचायत के पंच गण का सराहनीय योगदान रहा कर्मचारी गणों में परसराम साहू सचिव, महानंद पटले आर एस, रूपसिंह चोधरी शिक्षक, लक्ष्मी चोधरी, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, चित्ररेखा ऐडे आशा कार्यकर्ता मेट संजू उइके मिथलेश नागोतरा, मनरेगा लेबर,कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ग्राम मारबोड़ी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले के मुंगवानी क्षेत्र में ग्राम मारबोड़ी में प्रोफेसर डॉक्टर बी सी यूके के मुख्य अतिथि और पर्यावरण विद् श्री ईश्वर सिंह राजपूत की अध्यक्षता में 5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया इस ग्राम में ईश्वर सिंह राजपूत ने एक बहुत अच्छा और सुंदर उपवंत तैयार किया है जिसमें विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाकर बड़ी देखरेख के साथ बड़ा किया है और उसमें हर वर्ष पेड़ पौधे लगाई जा रहे हैं इस अवसर पर सिवनी के साथी डीडी वासनिक मजदूर नेता ओमप्रकाश बोर्ड महिला फेडरेशन की महासचिव किरण प्रकाश युवा नेता यीशु प्रकाश माया गढ़वाल मंजू ककोड़िया पूजा करोसिया आदि ने संबोधित किया तथा राम श्याम सनोडिया ग्राम चंदौली में पेड़ लगाने के लिए प्रेरणा गीत सुनाया। इस कार्यक्रम में ग्राम मारबोड़ी सहित आसपास के गांव से काफी संख्या में ग्रामीण भाइयों और बहनों ने भारी संख्या में हिस्सा लिया।

इस सभा में सिवनी जिले के लिए ईश्वर सिंह राजपूत द्वारा पर्यावरण सुधारने के लिए गांव गांव में जाकर किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया और उन्हें इस कार्य के लिए बहुत बधाई दी गई इसी तरह बताया गया कि इन्हें जिले के बहुत से स्थान से इस उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं इसी तरह इन्होंने जगह-जगह जाकर योग भी सिखाया।

आज के समय में पूरे प्रदेश और देश के लिए बल्कि पूरे संसार के लिए पर्यावरण को दुरुस्त करने की आवश्यकता पर बल दिया गया और आम जनता से अपील की गई की वह अपने गांव में अपने खेत में अपनी बॉडी में गांव में जहां भी स्थान मिले वहां पर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर गांव और शहरों को हरा भरा बनावे जिससे अधिक वर्षा हो और उससे फसले की पैदावार अधिक होगी और देश का किसान खुशहाल होगा इसी परिपेक्ष में यह बताया गया कि खनिज निकालने के लिए देश में अंधाधुन जंगलों की कटाई हो रही है।

# स्कूटी और ऑटो की टक्कर, तीन युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत

**सिवनी जिले में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियाँ छीन लीं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अरी थाना क्षेत्र के खमरिया गांव के पास स्कूटी और सब्जी से लदा ऑटो आमने-सामने टकरा गए, जिससे तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर गिरते ही दम तोड़ बैठे। मृतकों की पहचान अरी थाना क्षेत्र के नएगांव के रहने वाले युवकों के रूप में हुई है।

हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई और सूचना मिलते ही अरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

सिवनी। सड़क के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। युवक कौन है? इसकी जानकारी अभी नहीं लग सकी है। बंडोल पुलिस ने सभी से कहा है कि उक्त मृतक की जिसे भी जो भी जानकारी मिले वह नीचे दिए मोबाइल नंबर पर पुलिस को सूचना दे सकते हैं। अज्ञात मृतक पुरुष उम्र 30-35 साल का रोड किनारे संदिग्ध अवस्था में मृतक पाया गया है। चेक शर्ट जिंस पहना हुआ है। इस व्यक्ति को कोई जानता हो वह थाना बंडोल के मोबाइल नंबर 9479998033 एवं थाना प्रभारी बंडोल के मोबाइल नंबर 7987209841 पर सूचित कर सकते हैं।



# डूण्डासिवनी पुलिस ने गौ तस्करों पर की कार्यवाही मुक्त कराए 05 नग गौवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गौवंश परिवहन एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ शिकायत मिलने पर कार्यवाही करवाने हेतु सख्त है ।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी.शर्मा के निर्देशन में एवं सी.एस.पी. पूजा पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी सतीष तिवारी ने अपने थाना स्तर पर टीम गठित की गई । दिनाँक 05.06.2025 को संभागीय गश्त के दौरान जरिये मूखबीर की सूचना प्राप्त हुई की जबलपुर की तरफ से नागपुर की ओर एक गोल्डन रंग की कार क्रमाँक MH-20-BN-3580 का चालक कार में मवेशियों को क्रूरता एवं बर्बरता पूर्वक भरकर कत्ल खाना लेकर जा रहा है की सूचना तस्दीक पर ग्राम नगझर बायपास पहुँचकर नाकाबंदी की गई जो नाकाबंदी के दौरान जबलपुर की तरफ से एक गोल्डन रंग की कार क्रमाँक MH-20-BN-3580 को रूकने का इशारा किया गया जो कार को ना रोकते हुये मण्डला , बालाघाट बायपास की ओर भागा जिसका पीछा करते हुये ग्राम कोहका बायपास रोड के पास ओवरटेक कर कार को रोका कार का चालक अंधेरा का फायदा उठाकर कार को छोड़कर, कार की चाबी लेकर भाग गया । कार क्रमाँक MH-20-BN-3580 की तलाशी करने पर 04 नग गाय ( बछिया ) एक नाटा कुल 05 नग मवेशी को सुरक्षित गौशाला पहुँचा गया एवं घटना में प्रयुक्त कार को थाना परिसर में लाकर सुरक्षार्थ खड़ा किया गया । अज्ञात कार चालक के विरूध्द संबंधित धाराओं में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

## डी पी सी स्कूल के कक्षा 10वीं/ 12वीं के प्रावीण्य सूची के छात्रों का प्रतिभा सम्मान संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के प्रतिष्ठित सी.बी.एस.ई. स्कूल ₹डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल, ड्रीमलेंड सिटी सिवनी₹, का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ एवं सराहनीय रहा है। जहाँ संस्था की कक्षा 12वीं कला संकाय की छात्रा सुश्री अनन्या तिवारी एवं गणित संकाय के छात्र आराध्य चतुर्वेदी ने जिला में प्रथम एवं संभाग / प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित कर




विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. वहीं अथर्व चतुर्वेदी, विज्ञान संकाय ने जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इस सत्र में विद्यालय की छात्रा माही सेन. मैथिली सोनी ने कला संकाय एवं दीक्षा पटले ने गणित संकाय में जिले की प्रावीण्य सूची में सफलता अर्जित की। कक्षा 10वी की छात्रा आंशी पारधी ने स्कूल में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी मेधावी छात्र/छात्राओं एवं उनके परिजनों/ अभिभावकों सहित प्राध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेघावी छात्रों के परिजन एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे। संस्था के चेयरमेन डॉ. के.के. चतुर्वेदी ने छात्रों के **IIT/ NEET** नीट जैसी प्रतियोगी परिक्षाओं में सफल होने को विद्यालय की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इस सत्र से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कक्षाओं के उपरांत ऑनलाईन कक्षाऐं देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों को जोड़कर पाठ्यक्रम में गतिशीलता लाने बढ़ती प्रतियोगिता के मद्देनजर प्रारंभ करने की बात कहीं।

## धूमा पुलिस ने किया अंधे हत्याकांड का खुलासा

# 72 घंटे मे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार पहुंचाया जेल

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता द्वारा जिले मे हो रहे गंभीर अपराधो मे अंकुश लगाने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था । आदेश के पालन मे थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया जाये**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




इसी दौरान थाना धूमा क्षेत्रांतर्गत ग्राम धारपाठा से जरिये कोटवार के मोबाईल से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धारपाठा यात्री प्रतिक्षालय के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पडी हुई है जो तत्काल सूचना से वरिष्ठ अधिकारीयो को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक सिवनी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे थाना पुलिस स्टाफ द्वारा त्वरित कार्यवाही कर तत्काल घटना स्थल रवाना हुआ । रवाना होकर मौके पर पहुँच सूचना तस्दीक दौरान फरियादी रतिया बाई पति स्व. दयालसिंह पन्द्रे उम्र 27 साल निवासी परतापुर थाना धूमा जिला सिवनी ने बताया कि ग्राम परतापुर की रहने वाली हूँ लेकिन कुछ महिनों से धूमा में अपने बेटे देवसिंह के साथ रह रही हूँ । मेरे पति की मृत्यु हो चुकी है । मेरे बेटे देवसिंह की शादी ग्राम पटरी की भारती से हुई थी लेकिन मेरी बहू भी 02-03 सालों से मायके में ही रह रही है । मेरा बेटा देवसिंह कल शाम 4/00 बजे बोला कि अपनी पत्नि से मिलने पटरी जा रहा है और घर से निकल गया । फिर आज सुबह मुझे जानकारी मिली की मेरे बेटे की लाश धारपाठा में यात्री प्रतिक्षालय के पीछे है तो मै धारपाठा आयी जहां यात्री प्रतिक्षालय के पीछे मेरे बेटे की लाश पडी हुई थी , जिसकी मृत्यु हो चुकी है । मुझे संदेह है कि किसी ने मेरे बेटे की हत्या कर दिया है , रिपोर्ट करती हूँ , कार्यवाही की जाये कि रिपोंट पर अज्ञात आरोपी के विरुध्द हत्या का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया ।

वरिष्ट अधिकारियो के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर थाना स्तर पर टीम गठित कर मुखबिर एवं तकनीकी साक्ष्यो, सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर हत्या कारित करने वाले आरोपियो की तलाश पतासाजी कि गई जो तलाश में मृतक देवसिंह पिता दयालसिह पन्द्रे उम्र 27 वर्ष निवासी परतापुर थाना धूमा की हत्या उसके चाचा के लडके गनेश पन्द्रे निवासी परतापुर एवं चाचा के दामाद सुखचन्द इनवाती निवासी केरपानी को पकडा गया जिनसे पूछताछ पर पाया गया कि देवसिह पिछले कुछ समय से गनेशा पन्द्रे के परिवार को पुराने घरेलू जमीनी विवाद को लेकर परेशान कर रहा था जो घटना दिनांक को गनेशे एवं सुखचैन द्वारा मृतक देवसिह को परतापुर से लाकर धूमा मे अत्याधिक मात्रा मे शराब पिलाकर वाहन मोटर साईकिल क्र. MP22ZD3498 मे बैठाकर घटना स्थल धारपाठा यात्री प्रतिक्षालय ले जाकर रस्सी के जरिये गला घोंटकर मृत्यु कारित करना बताये । मामले मे आरोपीगणो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत माता की मूर्ति का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी के प्रांगण में भारत माता की प्रतिमा का अनावरण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर डॉ. मोहन यादव ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि भारत माता हमारी अस्था का प्रतीक है और ये बहुत ही सौभाग्य की बात है कि भारत माता की प्रतिमा सिवनी के महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित की गई है। यही संस्कार व राष्ट्र सर्वोपरि की भावना हमारे विद्यार्थियों के अंदर विकसित होगी इस उद्देश्य और आशय के साथ भारत माता की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर आप सभी को शुभकानाएं देते हुये कहा कि विश्व के सैकड़ों देशों में भारत मात्र एक ऐसा देश है जहां अपनी मातृभूमि को भारत माता से संबोधित कर जयकार किया जाता है। इस कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुन', नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, कुलगुरू छिन्दवाड़ा विश्वविद्यालय डॉ. इन्द्र प्रसाद तिपाठी, जिला कलेक्टर श्रीमती संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय ''बाबा'' पाण्डेय जी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग की उपस्थिति मे आयोजित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत गीतों का प्रस्तुतिकरण व 101 सुसज्जित आरती थाल से भारत माता की भव्य आरती की गई।

उपस्थित जन समुदाय एवं छात्र-छात्राओं के बीच नियत समय में मुख्यमंत्री वर्चुअल के माध्यम से जुड़े व भारत माता की प्रतिमा का अनावरण किया साथ ही उनके संबोधन से उपस्थित जन समुदाय को शुभकामनाएं प्रेषित कि जिसके उपरांत भारत माता की आरती की गई। आचार्यो द्वारा स्वस्ति वाचन व मंत्र पुष्पांजली दी गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राऐं व महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र-छात्राऐं व सेवानिवृत प्राध्यापकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के सदस्यों, नगर पालिका के पार्षदगण, विभिन्न राजनैतिक दलो से आये सम्मानीय अतिथि, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको, मीडियाकर्मी व जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के प्रति महाविद्यालय की ओर से अभार व्यक्त किया गया।

## तीन कुण्डीय गायत्री महा यज्ञ सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के शंकर मढिया स्थित गायत्री शक्ति पीठ में आज गंगा दशहरा के पावन अवसर पर तीन कुण्डीय गायत्री महा यज्ञ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही गायत्री परिवार के सदस्य गणों ने एवं सभी श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर परिसर की साफ सफाई कर सुबह के समय 10 बजे से यज्ञ प्रारंभ किया गया, पूर्ण आहुति करने के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया था जहां सभी श्रद्धालु भक्तों ने महा प्रसाद ग्रहण किया। । छपारा के आसपास प्रतापगण स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में भी जयंती के अवसर पर यज्ञ सम्पन्न हुआ।

## किसानों के साथ अभद्र भाषा व बदसलूकी करने पर भिंड कलेक्टर के ऊपर कार्यवाही करने मुख्यमंत्री के नाम आजाद समाज पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज जिला मुख्यालय सिवनी के एसडीएम कार्यालय मे भीम आर्मी आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हाल ही भिंड जिले के गोहद विधानसभा के ओद्योगिक क्षेत्र मे निवासरत किसानों की 2000 बीघा जमीनों पर भू माफियों ने कब्ज़ा कर लिया है वही उस भूमि मे कई वर्षो से किसान खेती कर अपना जीवन यापन कर रहें है साथ ही इस पुरे मामले मे माननीय उच्च न्यायलय ने किसानों के पक्ष मे स्टे का आदेश दे दिया है इसके बावजूद भी भिंड कलेक्टर जबरन ग्रामीण किसानों को पुलिस व भू माफियाओं के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी दे रहें है हाल ही इसी घटना को लेकर कलेक्टर भिंड के द्वारा किसानों के साथ अभद्र भाषा मे गाली गलौच करने आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्त्ता ने नाराजगी व्यक्त करते हुये किसानों के हित व न्याय के लिए कलेक्टर के द्वारा किये नियम विरूद्ध कार्य के खिलाफ पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ताओं ने तहसीलदार के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन के दौरान अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी हसीब खान आज़ाद , महेंद्र शाह मार्सकोल डॉ आर के सनोड़यिा, सैफ सिद्दकी, राकेश कोसरे, फिरोज खान, अल्ताफ पठान, शम्भू शेख उइके, सिद्धार्थ मसूरकर, राजेश पंन्द्रे लोकेश धुर्वे व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे किया गया खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

## स्वयं की ओर किया गया खेल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शुक्रवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन के मुख्य आतिथ्य मे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 05 मई से 06 जून तक जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान मे आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के मुख्य आतिथ्य मे एवं जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन जी की उपस्थिति मे नगर सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ हांकी मैदान मे किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे आपके करकमलों से सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। इसके पश्चात विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी सहित अतिथियों का पौधे भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके उपरांत आपके हस्ते प्रो कबड्डी लीग मे जयपुर पिंक पैंथर टीम मे चयनित हुए उडेपानी निवासी उत्कृष्ट कबड्डी खिलाड़ी श्री उदय परते का व अन्य खिलाड़ियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया जाकर शिविर मे सहभागिता करने वाले प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल आवश्यक है खेल से हमारा शरीर स्वास्थ्य रहता है। उम्मीद है आप सभी ने पूरी मेहनत लगन के साथ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन मे मन लगाकर खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया इसे निरंतर जारी रखें। और अपने खेल को निखारे तथा जिले का नाम रौशन करें। इसके साथ ही विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा अपनी ओर से प्रशिक्षण शिविर मे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों को किट वितरण किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री मनीष मोनू मिश्रा जी विधायक प्रतिनिधि खेल विभाग, श्रीमती मनु धुर्वे जी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, डीएल गौर जी अध्यक्ष जिला हांकी संघ, छिद्दीलाल श्रीवास जी, एमके नेमा जी सचिव जिला फुटबाल संघ, मुमताज अली जी, अब्दुल वाहिद जी, देवेन्द्र ठाकुर जी, सोहन सेन जी, रशीद कुरैशी जी, नारायण बिसेन जी, लक्ष्मी ठाकरे जी, फैजल खान जी, राकेश नागेन्द्र जी, ओमकार कश्यप जी, संजय बघेल जी, राधिका कश्यप जी, ओमशिवे जी, निकेश पदमाकर जी समन्वयक कुरई विकास खंड, जावेद खान नूरानी जी, इरफान अंसारी जी, रंजना भलावी जी, विक्की मिश्रा जी, इरफान खान जी, मोहम्मद जिब्राईल मंसूरी मीडिया प्रभारी सहित विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षकों एवं बड़ी संख्या मे खिलाड़ियों की।

## समय-सीमा बैठक संपन्न

# बोई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में गुरूवार 05 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाईन, समय-सीमा में दर्ज प्रकरण, जनसुनवाई आवेदनों के निराकरण स्थिति, विभिन्न आयोग से प्राप्त पत्रों में लंबित कार्यवाही के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी विभाग प्रमुखों को जिलेवार रैंकिंग की शिकायतों में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही कर अधिकतम शिकायतों को संतुष्टी से बंद कराने के निर्देश दिये हैं। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने राजस्व प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री, सीमांकन के लंबित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के लिए लंबित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पात्र किसानों से संपर्क कर अवगत कराने के निर्देश दिये हैं कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के सम्मान निधि अंतर्गत देय राशि आगामी समय में किसानों को प्राप्त नहीं होगी। उन्होंने उक्ताशय की जानकारी भी ग्रामवार आयोजित की जा रही किसान संगोष्टी में देने के निर्देश भी कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने समग्र ई-केवायसी कार्यों की भी समीक्षा सभी सीएमओ और सीईओ जनपदों को मैदानी स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुये लंबित ई-केवायसी तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से होने वाले खाद्यान्न वितरण स्थिति , प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे कार्यों, आबकारी विभाग एवं परिवहन विभाग द्वारा गत सप्ताह की गई कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने खरीफ मौसम अंतर्गत बोई जाने वाली फसलों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये हैं।

# धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा।




लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।

स्टेम बोरर्स से धान की फसल को बहुत नुकसान होता है, जिससे उपज कम होती है। बीकोटा तेजी से काम करते हुए इन कीटों का आहार रोक देता है और स्थायी सुरक्षा प्रदान करता है। एक बार प्रयोग करके किसान बाजार में उपलब्ध अन्य समाधानों की तुलना में लम्बे समय तक तक फसलों की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह जड़ो एवं पूरे पौधे के विकास में भी सहयोग करता है, जिससे फसल की सेहत ठीक रहती है है। यह ज्यादा उपज सुनिश्चित करने के साथ-साथ बदलते मौसम में स्टेम बोरर्स की चुनौती को दूर करता है।

बीकोटा प्रयोग की दृष्टि से सुरक्षित है और फायदेमंद कीटों के लिए भी सुरक्षित है। यही बात इसे किसानों के लिए पसंदीदा विकल्प बनाती है और इसे इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट (आईपीएम) प्रैक्टिस के लिए उपयुक्त बनाती है। अपने ग्रेन्युलर फॉर्मूलेशन के कारण यह प्रयोग में आसान है। इससे किसान आसानी से और तेजी से खेत में इसका छिड़काव कर पाते हैं।

## शराबबंदी की मांग लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाएं

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के किरनापुर थाना क्षेत्र के गोदरी गांव में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ महिलाएं मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ग्राम की सरपंच तनुजा राजपाल ने बताया कि गांव में करीब 11-12 लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। थाने में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय महिला हिरकनबाई ने बताया कि गांव में देसी, विदेशी और कच्ची शराब की अवैध बिक्री से परिवारों में कलह बढ़ रही है। पुलिस से शिकायत करने पर उन्हें 10 बोतल शराब पकड़कर लाने को कहा जाता है।



### कच्ची शराब बनाने वालों की सूचना देने पर 50 हजार का इनाम

महिलाओं ने अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए खुद पहल की है। कच्ची शराब बनाने वालों की सूचना देने पर 50 हजार, पीने वालों की जानकारी देने पर 25 हजार और अवैध शराब की सूचना देने वालों को 5 हजार रुपए का इनाम देने का प्रस्ताव रखा है।

### गांव में पूरी तरह से शराबबंदी की मांग

जिले में लाइसेंसी शराब की दुकानें होने के बावजूद गांवों में अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है।

इससे युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं और गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं की मांग है कि गांव में पूरी तरह शराबबंदी की जाए।

## टेकेदार बोला- आगे के निर्माण की ड्राइंग नहीं मिली

# एप्रोच रोड बनाने मांग की, तभी से कार्य रुका



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में लिंगा और हट्टा मार्ग पर घिसर्री नदी पर उच्चस्तरीय पुलिया का निर्माण कार्य डेढ़ साल से बंद पड़ा है। यह पुलिया 29 सितंबर 2025 तक पूरा होना था। कलेक्टर मीणा ने सभी निर्माण कार्यों को 15 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ की सुंदरानी कंस्ट्रक्शन कंपनी रायपुर को सौंपा गया है। 150 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 30 सितंबर 2023 को शुरू हुआ था। इसकी लागत 7 करोड़ 32 लाख है।

पूर्व सरपंच तुलसीराम कावरे के अनुसार, पुल के पिलर के पास से किसानों के खेत, श्मशान और कब्रिस्तान का रास्ता जाता है। ग्रामीणों ने वहां बॉक्स कल्वर्ट और एप्रोच रोड बनाने की मांग की थी। ठेकेदार ने इसे स्वीकार किया, लेकिन उसके बाद से काम रुका हुआ है।

### बारिश में लोगों को होंगी मुश्किलें

बरसात के दौरान घिसर्री नदी में पानी बढ़ने से रपटा पुलिया डूब जाती है। इससे नवेगांव-लिंगा, हट्टा और देवगांव समेत 50 से अधिक गांवों का संपर्क कट जाता है। मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### ड्राइंग की वजह से अटका काम

पंच और सरपंच प्रतिनिधि भोलानाथ वामनकर बताते हैं कि जब मामले में ठेकेदार से जानकारी ली गई तो बताया गया कि आगे होने वाले निर्माण कार्य की ड्राइंग विभाग ने नहीं दी है, जिसके कारण काम बंद पड़ा हैं।

समाजसेवी सुरेन्द्र गुड्डा चौधरी ने कहा कि यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन का मार्ग है, जिसमें अक्सर बरसात के दौरान लिंगा का रपटा पुल छोटा होने से इसके ऊपर से बहने वाले पानी के कारण आवागमन बंद हो जाता है। हम शासन, प्रशासन से मांग करते है कि इसका निर्माण जल्द किया जाए।हमने बात करने ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण महाप्रबंधक गजेन्द्र लारिया के मोबाइल नंबर पर कॉल किया, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। यही नहीं बल्कि हमने उनके वॉट्सऐप पर भी मामले में अपडेट जानने मैसेज किया। लेकिन उन्होंने इसका कोई जवाब नहीं दिया।

## मशीन टोला के पास हादसा, तीन घायल

# एंबुलेंस ने पंचायत कर्मियों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के कोतवाली थाना क्षेत्र के गर्रा मशीन टोला में शुक्रवार को एक एंबुलेंस ने तीन पंचायत कर्मियों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इनमें एक पैदल जा रहा था, जबकि दो बाइक पर सवार थे। घायलों एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया है। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।



घायलों राहुल टेंभरे (32) निवासी गर्रा वार्ड 13, श्रीलाल सरेंवार (56) निवासी वार्ड 14 और दुर्गा प्रसाद उर्फ बब्लू पंचेश्वर निवासी वार्ड के रूप में हुई है। घटना के वक्त श्रीलाल सरेंवार पैदल, जबकि राहुल टेंभरे और दुर्गा प्रसाद बाइक पर सवार होकर पंचायत जा रहे थे।

इसी दौरान मशीन टोला के पास नागपुर से आ रही एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उसी एंबुलेंस की मदद से तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तीनों घायल ग्राम पंचायत गर्रा के जल विभाग में कार्यरत हैं। राहुल और बब्लू प्लंबर का काम करता है, जबकि श्रीलाल नल जल योजना में ऑपरेटर के पद पर है।

अस्पताल चौकी पुलिस ने घायलों का बयान दर्ज कर लिया है। मामले की जांच के लिए कोतवाली पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

# जगन्नाथपुरी की तर्ज पर 30 को जगन्नाथ रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में जगन्नाथपुरी की तर्ज पर 30 जून को जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस्कॉन संस्था ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में बैठक आयोजित की।

रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन सुभद्रा विराजमान होंगे। यात्रा नए श्रीराम मंदिर से शुरू होगी। यह आंबेडकर चौक, काली पुतली चौक, गुजरी चौक, महावीर चौक और हनुमान चौक होते हुए पुनः नए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी।



### जिले में रथ यात्रा का यह दूसरा आयोजन

इस्कॉन संस्था के संचालक रत्नभूषण दास ने बताया कि जिले में यह दूसरा आयोजन है। इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सिवनी सहित अन्य जिलों से 50 भक्त यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा के समापन पर पूजन और कथा वाचन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### यात्रा में लोगों को शामिल करने की गई अपील

डॉ. बी.एम. शरणागत ने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन मात्र से कष्टों का निवारण होता है। इसलिए हर साल बड़ी संख्या में लोग जगन्नाथपुरी जाते हैं। उन्होंने बालाघाट के लोगों से यात्रा में शामिल होकर आशीर्वाद लेने की अपील की है।

बैठक में इस्कॉन संस्था के प्रभारी रत्नभूषण दास, कार्यक्रम संयोजक डॉ. बी.एम. शरणागत, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी और वरिष्ठ समाजसेवी अभय सेठिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बोथवा में सूने मकान में चोरी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बोथवा में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. पीड़ित परिवार को 06 जून की सुबह करीब 07 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने फोन पर घर में चोरी होने की सूचना दी. जिसके बाद पीड़ित परिवार को घर में चोरी का पता चला. चोरी की वारदात के वक्त घर पर कोई नहीं था. पति-पत्नी दोनों बालाघाट एक निजी समारोह में 04 जून को गए हुए थे. जो चोरी की सूचना मिलते ही आज अपने घर लौटकर आए तो देखा कि घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा है. घर के दरवाजे सहित अलमारी के ताले टूटे हुए है. मिली जानकारी अनुसार बोथवा निवासी कुंजबिहारी पटले के यहां अज्ञात चोरों ने दूसरी बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. इसके पहले नवंबर 2024 में भी चोरों ने चोरी की वारदात की थी. पीड़ित परिवार ने घर पहुंचते ही पुलिस को सूचना दी. वहीं शाम 07 बजे थाने पहुंचकर चोरी का आवेदन दिया है. पीड़ित ने दुरभाष पर चर्चा करते हए बताया पुलिस ने छोटी चोरी होने की बात कहते हुए एफआईआर दर्ज नहीं की बल्कि आवेदन लेकर जांच का भरोसा दिया है. पीड़ित परिवार की माने तो अज्ञात चोरों ने करीब 50 हजार रुपए की नगदी रकम और एक सोने का पैंडल चोरी किया है. एफआईआर दर्ज नहीं करने के पीछे क्या कारण है जब थाना प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आवेदक ने ही जांच करने के बाद एफआईआर करने कहा इसलिए एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

# ग्राम पंचायत खैरी में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरपंच ने पौधे लगाकर देखभाल करने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खैरी में गुरुवार जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एंव एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर विविध प्रजाति के फलदार और छायादार पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का निर्णय लेते हुए उनकी सुरक्षा का निर्णय लिया ।इस दौरान सरपंच रामप्रसाद तितरमारे ने पर्यावरण संरक्षण को बढावा देते हुए विविध प्रजाति के पौधे रोपे और उनकी देखभाल करने का निर्णय लिया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया एंव लगाए गए पौधो की देखभाल करने का निर्णय लेते हुए, पौधो को सुरक्षित रखने का निर्णय लिया । इस दौरान सरपंच रामप्रसाद तितरमारे, सचिव ,रोजगार सहायक, उपसरपंच, सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# कालातीत व अकालातीत ऋणों के शत प्रतिशत वसूली के संभागीय क्षेत्रीय अधिकारी पटले ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



संभागीय क्षेत्रीय अधिकारी मप्र राज्य सहकारी बैंक श्री आरसी पटले द्वारा शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट मुख्यालय से पी.जोशी प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति में वीसी के माध्यम से कृषि और अकृषि ऋणों की वसूली की समीक्षा करते हुए शाखा प्रबंधकों और समिति संस्था प्रबंधकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कालातीत और अकालातीत ऋणों की शत प्रतिशत वसूली करे साथ ही मध्यम कालीन ऋण को लेकर निर्देश दिए कि प्रत्येक समिति पांच प्रकरण तैयार कर मुख्यालय प्रस्तुत करे। इसके अलावा माइक्रो एटीएम, कामन सर्विस सेंटर और बैंक में संचालित विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, एम एल यादव विपणन अधिकारी, श्रीमती सीमा दुबे लेखा प्रबंधक, धनेंद्र कटरे विधि, रोशनी बिसेन आदि उपस्थित रहे।

# ईद एवं अन्य जयंती के मद्देनज़र एसडीएम के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** ईद उल-अजहा -(बकरीद) एवं अन्य जयंती के अवसर पर क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार श्री मती पूर्णिमा भगत,थाना प्रभारी श्री अशोक कुमार ननामा के नेतृत्व में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक थाना परिसर में सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

बैठक में ग्राम पंचायत किरनापुर के सरपंच प्रतिनिधि जे पी रामटेके,पूर्व सरपंच बेनी प्रसाद अग्रवाल ,कटंगी सरपंच दुर्गा प्रसाद बाहे, व जनपद पंचायत सदस्य संतलाल पांचे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाई युसुफ पटेल, समाज सेवी डी डी मेश्राम ,कमलेश कनौजे, मोहम्मद फिरोज कुरेशी ,रमीज खान, मनीष भीमटे जनपद सदस्य, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ-सा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समिति सदस्यों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।



एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद एवं अन्य जयंती दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और समाज में समरसता का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करते हुए पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं।

थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने बैठक में ईद केत्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात को लेकर भी चर्चा की गई। संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में तहसील पत्रकार परिषद किरनापुर के अध्यक्ष मदन मोहन पाराशर की भूमिका सराहनीय रही।

# ईद उल अजहा का पर्व आज, ईदगाह में अदा की जाएगी विशेष नमाज

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने जारी किया टाईम टेबल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



अल्लाह के पैगंबर हजरत इब्राहिम और हजरत इस्माइल अलैह सलाम की याद में मनाया जाने वाला ईद उल अजहा का पर्व शनिवार को बालाघाट जिला सहित संपूर्ण देश में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूर्ण अकीदत के साथ मनाया जायेगा।कुर्बानी के इस ख़ास पर्व ईद उल अजहा को लेकर नगर मुख्यालय सहित पूरे जिले में मुस्लिम धर्मालंबियों द्वारा पर्व विशेष को लेकर तैयारिया पुर्ण कर ली गई है।जहा इस पर्व पर घर- घर बकरों की कुर्बानी की जायेगी।जिसे गरीबो रिश्तेदारो में बाटा जाएगा। इस पर्व पर अदा की जाने वाली विशेष नमाज, पुलिस लाइन स्थित ईदगाह में सुबहा 8 बजे सामुहिक रूप से अदा की जाएगी। लेकिन यदि बारिश होती है तो फिर ईद की विशेष नमाज ईदगाह की जगह जिले भर की तमाम मस्जिदों व मदरसों में अदा की जाएगी। जिसको लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा टाईम टेबल जारी कर दिया गया है।इस पर्व को लेकर मुस्लिम बहुल इलाकों में तमाम तैयारियां पूर्ण कर ली गई है वहीं ईद पर्व को लेकर प्रशासनिक निर्देशों के तहत जरूरी एहतिहात बरतने की अपील शहर काजी अब्दुल हबीब नूरी, अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर हाजी फारुख शेख, पूर्व सदर अनीश मेमन, कादर रज़ा, ईमान तंजीम प्रदेश संगठन मंत्री हाजी शोएब खान के साथ ही अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अन्य पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा की गई है।

बारिश होने पर नगर की इन मस्जिदों में अदा कराई जाएगी विशेष नमाजईद उल अजहा की विशेष नमाज, सुबहा 8 बजे सामुहिक तौर पर पुलिस लाइन स्थित ईदगाह में अदा करने का एलान किया गया है।लेकिन मौसम के बिगड़ने और बारिश होने पर यह नमाज जिले की सभी मस्जिदों व मदरसों में अदा की जाएगी।जिसकी नमाज को लेकर अंजुमन इस्लामिया कमेटी बालाघाट द्वारा टाइम टेबल जारी कर दिया गया है।जिसके मुताबिक बारिश होने पर नगर की तमाम मस्जिदों में तय वक्त पर ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा कराई जाएगी। जारी किए गए टाइमटबल के मुताबिक बैहर रोड स्थित जामा मस्जिद ने पहली जमात सुबह 7बजे तो दूसरी जमात सुबह 9 बजे होगी। वही वार्ड नंबर 10 स्थित जामिया नूरिया मदरसा मस्जिदे आला हजरत में पहली जमात सुबह 8ः बजे ,तो दूसरी जमात सुबह 8:30 बजे होगी। वहीं वार्ड नंबर 12 बूढ़ी स्थित गौसिया मस्जिद में जमात 09 बजे होंगी।तो वहीं वार्ड नंबर 4 बैहर चौकी स्थित नूरी मस्जिद में सुबहा 8 बजे, तो वही वार्ड नं.24 मोती नगर रजा मस्जिद में एक जमात से 8:30 बजे ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा कराई जाएगी।इसी तरह हनफिया मस्जिद कोसमी, में पहली जमात 7:30 बजे, तो दूसरी जमात 8:30 बजे होंगी। वार्ड नंबर 13 सागौन वन स्थित साबरी मस्जिद में एक जमात के साथ सुबह 8 बजे, तो वही गंगा नगर स्थित गरीब नवाज मस्जिद में एक जमात के साथ 8:30 ईदुल अजहा की नमाज अदा कराई जाएगी।इसी तरह नगर स्थित मक्का मस्जिद में सुबह 7:30 बजे ,और मदीना मस्जिद में सुबहा 8 बजे ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा कराई जाएगी।

ईद उल अजहा के इस प्रमुख पर्व को लेकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में इन दिनों खासी रौनक देखी जा रही है। जहां घरो-घर कुर्बानी को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जहां घरों की साफ-सफाई कर रंग रोगन लगाकर विशेष रुप से घरों को सजाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।वही कुर्बानी को लेकर तमाम तरह की तैयारियां देखी जा रही है। इस पर्व को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह छोटे बच्चों में देखा जा रहा है जो ईद उल अजहा के खास मौके पर फर्ज और वाजिब नमाज अदा करने, कुर्बानी का गोश्त गरीबों में तक्सीम करने, नए कपड़े पहनने और तरह-तरह के पकवानों का सेवन कर विभिन्न धार्मिक व मनोरंजक जगहों में जाकर सैर सपाटा करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।जिसकी योजना भी बच्चों ने अपने परिवार के साथ मिलकर बना ली है। अब पूरे मुस्लिम समाज को शनिवार की सुबह का इंतजार है। क्योंकि सुबह होते ही ईद उल अज़हा का पर्व शुरू हो जाएगा जो तीन दिनों तक जारी रहेगा।

# गढ़ी में 8 जून को स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

जिला मुख्यालय से 100 किलोमीटर की दूरी पर आदिवासी एवं बैगा बाहुल्य ग्राम गढ़ी में 8 जून दिन रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है । अभिजीत तिवारी ने इस संबंध में आगे की जानकारी देते हुए बताया कि अमूमन देखा जा रहा है ग्रामीण अंचल में बिना रोगों की पहचान किए आकस्मिक मौतों का आकड़ा सर्वाधिक है इसी को दृढ़संगत रखते हुए समय समय पर हमारे द्वारा शिविर लगाया जाता है। इसी क्रम में रायपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर प्रशांत नायक, डाक्टर लक्ष्मीकांत साहू हृदय रोग विशेषज्ञ, डाक्टर विजय डिम्बा डेबलॉलजिस्ट द्वारा ग्राम गढ़ी में 8 जून दिन रविवार को समय 11बजे से 2 बजे तक अपनी निःशुल्क सेवा देंगे इस शिविर में बी पी जांच ,शुगर जांच, इसीजी ,लिपिडप्रोफाइड आदि निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा । शिविर का आयोजन अभिजीत तिवारी के साथ डाक्टर हरीश नागेश्वर, दिनेश मरकाम प्रदीप सोनी, प्रमोद ,दिनेश बंजारा, निर्मल यादव ,अजीम खान, मनोज पटले ,शाहिद कुरैशी, पवन अभिनव रंधावे ,उमेश मिश्रा ,अजय रजक, जितेंद्र गुप्ता, उमाशंकर बंधाया ,नारद यादव ,तनय आदि का विशेष योगदान रहेगा।




### अनुभागों में शांति व कानून व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट ड्यूटी कस आदेश जारी

**बालाघाट ।** शनिवार को जिले में ईदुज्जुहा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने जिले के अनुभागों में एसडीएम, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को मजिस्ट्रेट ड्यूटी के आदेश जारी किए है। अनुभागों में कुल 33 राजस्व अधिकारियों को मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर रहेंगे।

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA M.Sc.(CS)
DCA PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com